# CHANGE THE WAY YOU PAY

**WITH**

BHIM
BHARAT INTERFACE FOR MONEY

## National Payments Corporation of India

***Frequently Asked Questions***

# About Bharat Interface for Money

- What is Bharat Interface for Money?

  Bharat Interface for Money is an app that lets you make easy and quick payment transactions using UPI. It is easier than Wallets! You will not have to fill-out those tedious bank account details again and again. You can easily make direct bank to bank payments and instantly collect money using just Mobile number or Payment address.

- भीम क्या है? इसका प्रयोग क्यों करना चाहिए?

  भीम एक ऐसा ऐप है जिसके माध्यम से आप यू.पी.आई का प्रयोग कर सरलता से भुगतान तथा लेन-देन कर सकते हैं। यह वॉलेट से आसान है! आपको एक ही बैंक का विवरण बार-बार नहीं भरना पड़ेगा। अब एक बैंक से दुसरे बैंक में आसानी से भुगतान करने के लिए केवल मोबाइल नंबर या अपने भुगतान पता देकर तुरंत पैसों का आदान प्रदान कर सकते हैं।

- How fast is a transaction over Bharat Interface for Money?

  As fast as it can get! All payments over Bharat Interface for Money are linked to your bank account and transaction can be completed within few seconds.

- भीम से लेन-देन कितने तेजी से होता है?

  'भीम' के जरिए भुगतान बैंक खाते से होते हैं और कुछ सेकंड के भीतर लेन-देन पूरा हो जाता है|

- Are there any charges for using Bharat Interface for Money?

  There are no charges for making transaction through Bharat Interface for Money. Note - Your bank might however levy a nominal charge as UPI or IMPS transfer fee which is not under our control. Please check with your bank for more details.

- क्या भीम का प्रयोग करने के लिए कोई शुल्क देना पड़ता है?

'भीम' के जरिए होने वाले लेन-देन के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। नोट: लेकिन आपका बैंक यू.पी.आई या आई.एम.पी.एस स्थानांतरण शुल्क के रूप में एक छोटा सा शुल्क ले सकता है, जो आपके बैंक के नीति पर निर्भर करेगा। कृपया अधिक जानकारी के लिए अपने बैंक से संपर्क करें।

- What do I need, to start using Bharat Interface for Money?

Bharat Interface for Money app is currently available on Android (Above 4). We will be making our app available on other platforms very soon. The BHIM App can be downloaded from Google Playstore, for smart phones. For feature phones, by dialling *99# one can use Bharat Interface for Money.

- भीम का प्रयोग आरंभ करने के लिए मुझे क्या करने की आवश्यकता पड़ती है?

भीम ऐप अभी एंड्राइड (वर्शन 4 या इससे ऊपर) पर उपलब्ध है। हम अपने ऐप को बहुत जल्द ही अन्य प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराएँगे। भीम अनुप्रयोग गूगल Playstore से डाउनलोड किया जा सकता है स्मार्ट फोन के लिए। फीचर फोन के लिए, *99# डायल करके आप भारत इंटरफ़ेस का उपयोग कर सकते हैं।

- Is Bharat Interface for Money app compatible with every Mobile OS?

To start using Bharat Interface for Money all you need is a Smartphone, Internet access, a bank account that supports UPI payments and mobile number linked to the bank account. Link your bank account to UPI through the app.

- क्या भीम ऐप प्रत्येक मोबाइल ओ.एस के साथ कार्य करता है?

'भीम' का प्रयोग आरंभ करने के लिए आप को स्मार्टफोन, इंटरनेट की सुविधा, यू.पी.आई भुगतान की सुविधा वाला भारतीय बैंक खाता और बैंक खाते से जुड़े हुए मोबाइल नंबर की आवश्यकता पड़ती है। इस ऐप के जरिए आप अपने बैंक खाते को संलग्न कर सकते हैं।

- Do I need to enable mobile banking on my bank account to use Bharat Interface for Money?

  Your account need to be enabled for mobile banking to use Bharat Interface for Money. Your mobile number shall have to be registered with the Bank.

- क्या भीम का प्रयोग करने के लिए मेरे बैंक खाते पर मोबाइल बैंकिंग सक्षम करने की आवश्यकता है?

  'भीम' का प्रयोग करने के लिए आपका मोबाइल नंबर बैंक के साथ पंजीकृत होना चाहिए।

- Do I need to be a customer of a particular bank to use Bharat Interface for Money?

  To enable transfers directly using your bank account, your bank needs to be live on UPI (Unified Payment Interface) platform. All the banks, which are currently live on UPI, have been listed in the Bharat Interface for Money app.

- क्या भीम का प्रयोग करने के लिए मुझे विशेष बैंक का ग्राहक होना चाहिए?

  अपने बैंक खाता के जरिए पैसे स्थानान्तरण को सक्षम करने के लिए, आपके बैंक का यू.पी.आई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस) प्लेटफार्म पर होना आवश्यक है। सभी बैंक, जहाँ अभी यू.पी.आई की सुविधा है, की सूची भीम ऐप में मौजूद है।

- How do I set the UPI-PIN for my bank account from Bharat Interface for Money?

  You can set your UPI PIN by going to Main Menu -Bank Accounts -Set UPI-PIN for the selected account. You will be prompted to enter the last 6 digits of your Debit/ATM card along with the expiry date. You will then receive an OTP which you will enter and set your UPI PIN. Note - 'UPI-PIN is not the same as MPIN provided by your bank for mobile banking'.

- मैं भीम से अपने बैंक खाते के लिए यू.पी.आई पिन किस प्रकार सेट कर सकता हूँ।

  आप अपना यू.पी.आई-पिन बनाने के लिए मुख्य मेनू मे -"बैंक खाता" का चयन करें फिर "यू.पी.आई-पिन सेट करें"विकल्प का चयन करें । इसके बाद आपको समाप्ति तिथि के साथ-साथ अपने डेबिट/एटीएम कार्ड के अंतिम 6 अंक भी दर्ज करने पड़ेंगे। इसके बाद आपको एक ओ.टी.पी प्राप्त होगा, जिसे आप दर्ज करके अपना यू.पी.आई पिन सेट करते हैं। नोटः यू.पी.आई पिन मोबाइल बैंकिंग के लिए आपके बैंक द्वारा प्रदत्त एम.पिन से अलग होता है।

- Can I link multiple bank accounts with Bharat Interface for Money?

  Currently, Bharat Interface for Money supports linking of one Bank at a time. At the time of account set-up, you can link your preferred bank account as the default account. In case you want to link another bank account, you can go to Bank Account --> Click on the three dot on right side top of the page --> Choose Change Account.

- क्या मैं भीम के ज़रिये एक से अधिक बैंक खाते को लिंक कर सकता हूँ?

  वर्तमान में, भीम केवल एक बैंक की लिंकिंग को ही सपोर्ट करता है। खाता सेट-अप करते समय, आप डिफॉल्ट खाते के रूप में अपने पसंदीदा खाते को लिंक कर सकते हैं। यदि आप किसी दूसरे बैंक खाते को लिंक करना चाहते हैं, तो इस स्थिति में, आप मुख्य मेनू में जाकर बैंक खाते का चयन करें और अपना डिफॉल्ट खाता चुनें। आपके मोबाइल नंबर या भुगतान पते के प्रयोग से आपको स्थानांतरित की जाने वाली धनराशि आपके डिफॉल्ट खाते में जमा हो जाएगी।

- Why does my mobile number with Bharat Interface for Money and the one registered with my bank account have to be the same?

  This is a banking network (UPI) requirement. The mobile number which is used to register with Bharat Interface for Money is used to match the bank accounts linked against it.

- भीम से पंजीकृत मेरा मोबाइल नंबर और मेरे बैंक खाते से पंजीकृत मोबाइल नंबर एक समान क्यों रखना चाहिए?

  यह एक बैंकिंग नेटवर्क (यू.पी.आई) की आवश्यकता है। भीम के जरिए पंजीकरण का प्रयोग किए जाने वाले मोबाइल नंबर का प्रयोग इससे लिंक किए गए बैंक खाते का मिलान करने के लिए किया जाता है।

- Do I have to give Bharat Interface for Money my bank a/c details?

  At the time of registration you will be providing us with the Debit card details and with the use of your mobile number registered to your bank account, we will pre-fetch the details from your bank. All the information exchange happens over secure banking networks and we don't store it, your information is safe!

- क्या मुझे मेरा बैंक खाता विवरण भीम को देना पड़ेगा?

पंजीकरण के समय आपको हमें डेबिट कार्ड का विवरण और आपके बैंक खाते से पंजीकृत मोबाइल नंबर का विवरण देना होगा, हम आपके बैंक से विवरणों को दोबारा प्राप्त करेंगे। सभी जानकारी का आदान-प्रदान सुरक्षित बैंकिंग नेटवर्क पर किया जाता है तथा हम इसे स्टोर नहीं करते हैं, आपकी जानकारी सुरक्षित है!

- What is UPI?

Unified Payment Interface (UPI) is an instant payment system developed by the National Payments Corporation of India (NPCI), an RBI regulated entity. UPI is built over the IMPS infrastructure and allows you to instantly transfer money between any two parties' bank accounts.

- यह यू.पी.आई क्या है?

यूनिफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यू.पी.आई) एक त्वरित भुगतान प्रणाली है जिसे आर.बी.आई विनियमित इकाई के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई) ने विकसित किया है। यह आई.एम.पी.एस की संरचना पर आधारित है और किसी दो पक्षों के बैंक खातों के बीच पैसों के तुरंत लेन-देन में आपकी सहायता करता है।

- What is an UPI-PIN?

UPI-PIN (UPI Personal Identification Number) is a 4-6 digit secret code you create/set during first time registration with this App.You have to enter this UPI-PIN to authorize all bank transactions. If you have already set up an UPI-PIN with other UPI Apps you can use the same on Bharat Interface for Money. (Note- Banks issued MPIN is different from the UPI UPI-PIN, please generate a new UPI-PIN in the Bharat Interface for Money app).

Note - Please do not share your UPI-PIN with anyone. Bharat Interface for Money does not store or read your UPI-PIN details and your bank's customer support will never ask for it.

- यू.पी.आई पिन क्या है?

यू.पी.आई पिन (यू.पी.आई व्यक्तिगत पहचान संख्या) 4-6 अंकों वाला गुप्त कोड होता है जिसे आप इस ऐप के जरिए पहली बार पंजीकरण के दौरान बनाते /सेट करते हैं। आपको इस यू.पी.आई पिन का प्रयोग सभी बैंक लेन-देन को अधिकृत करने हेतु दर्ज करना पड़ता है। यदि आपने किसी अन्य यू.पी.आई ऐप्स से पहले से ही यू.पी.आई पिन सेट कर लिया है तो आप उसे ही भीम पर प्रयोग कर सकते हैं। (नोट: बैंक द्वारा जारी किया गया एमपिन, यू.पी.आई के यू.पी.आई पिन से अलग होता है, कृपया भीम ऐप में नया यू.पी.आई पिन बनाएँ)

- What is a Payment Address?

Payment Address is an Address which uniquely identifies a person's bank a/c. For instance, the Payment Address for Bharat Interface for Money customers is in the format xyz@upi. You can just share your Payment Address with anyone to receive payments (no need for bank account number/ IFSC code, etc.). You can also send money to anyone by using their Payment Address. Note - Do not share your confidential UPI PIN with anyone.

- भुगतान पता क्या है?

भुगतान पता एक ऐसा पता है जो विशेष रूप से व्यक्ति के बैंक खाते की पहचान करता है। उदाहरण के लिए, भीम ग्राहकों के लिए भुगतान पता xyz@upi के प्रारूप में होता है। आप भुगतान प्राप्त करने के लिए किसी के साथ अपना भुगतान खाता साझा कर सकते हैं (बैंक खाता संख्या/आई.एफ.एस.सी कोड, आदि की आवश्यकता नहीं पड़ती है)। आप अपने भुगतान पते के माध्यम से किसी को पैसे भी भेज सकते हैं।

नोट: अपने गोपनीय यू.पी.आई पिन को किसी के साथ साझा न करें।

- What happens if I enter wrong UPI-PIN during a transaction?

On entering the wrong UPI PIN the transaction will fail and shows an error "wrong / Incorrect UPIN entered".

- यदि मैं लेन-देन के समय गलत यू.पी.आई-पिन दर्ज करूँ, तो क्या होगा?

अगर अपने यू पी आइ पिन ग़लत डाला तो आपका लेन देन विफल हो जाएगा और आपको विफलता का संदेश मिलेगा।

- I have selected the Bank name to link with UPI but it does not find my bank a/c.

In such a case, please ensure that the mobile number linked to your bank account is same as the one verified in Bharat Interface for Money App. If it is not the same, your bank accounts will not be fetched by the UPI platform. Also, only Savings and Current bank accounts are supported by Bharat Interface for Money.

- मैंने यू.पी.आई से लिंक करने के लिए बैंक के नाम का चयन किया है लेकिन इसमें मेरा बैंक खाता नहीं मिल रहा है।

ऐसी स्थिति में, कृपया सुनिश्चित करें कि आपके बैंक खाते से लिंक किया गया मोबाइल नंबर भीम ऐप में सत्यापित मोबाइल नंबर एक समान है या नहीं। यदि यह एक सामान नहीं है तो आपका बैंक खाता यू.पी.आई प्लेटफॉर्म से प्राप्त नहीं होगा। इसके अतिरिक्त अभी केवल बचत और चालू खाते ही भीम द्वारा सपोर्टेड हैं

- Why is my UPI transaction failing?

When you shop-online, you can pay through UPI when you see UPI as a payment option. On clicking that, you will need to enter your Payment Address (xyz@upi). Once entered, you will receive a collect request on your Bharat Interface for Money app. Enter your UPI-PIN here and your payment will be complete. As easy as this!

- मेरा यू.पी.आई लेन-देन विफल क्यों हो रहा है?

यू.पी.आई लेन-देन विफल होने के कई कारण हो सकते हैं, सबसे संभावित कारण बैंकिंग सिस्टम में कनेक्टिविटी की समस्याएँ, दर्ज किया गया गलत भुगतान पता या गलत यू.पी.आई पिन प्रविष्टि है। यदि आपका लेन-देन विफल हो जाता है, तो कृपया पुनः प्रयास करें। यदि यह कार्य नहीं करता है, तो कृपया ग्राहक सहायता से संपर्क करें।

- How do I set the UPI-PIN for my bank account from Bharat Interface for Money?

  You can set your UPI PIN by going to Main Menu -Bank Accounts -Set UPI-PIN for the selected account. You will be prompted to enter the last 6 digits of your Debit/ATM card along with the expiry date. You will then receive an OTP which you will enter and set your UPI PIN. Note - 'UPI-PIN is not the same as MPIN provided by your bank for mobile banking'. For Maestro card, kindly contact your bank for expiry date.

- मैं भीम से अपने बैंक खाते के लिए यू.पी.आई पिन किस प्रकार सेट कर सकता हूँ।

  आप अपना यू.पी.आई-पिन बनाने के लिए मुख्य मेनू मे -"बैंक खाता" का चयन करें फिर "यू.पी.आई-पिन सेट करें"विकल्प का चयन करें । इसके बाद आपको समाप्ति तिथि के साथ-साथ अपने डेबिट/एटीएम कार्ड के अंतिम 6 अंक भी दर्ज करने पड़ेंगे। इसके बाद आपको एक ओ.टी.पी प्राप्त होगा, जिसे आप दर्ज करके अपना यू.पी.आई पिन सेट करते हैं। नोट: यू.पी.आई पिन मोबाइल बैंकिंग के लिए आपके बैंक द्वारा प्रदत्त एम.पिन के के जैसा नहीं होता है।

## Send and Receive Money

- Can I send money to anyone using Bharat Interface for Money?

  Yes, you can send money using the Bharat Interface for Money app from your UPI enabled bank account. You will need to register and set a UPI PIN using the debit card details linked to the bank account. If your beneficiary’s bank account is also linked to UPI, you can simply use their mobile mobile number or Payment Address to transfer.If not, you can use IFSC code, Bank account or MMID, Mobile number to send money.

- क्या मैं भीम पर अपने उन दोस्तों को पैसे भेज सकता हूँ जो इस पर पंजीकृत नहीं है?

  हाँ। यदि व्यक्ति भीम पर पंजीकृत नहीं है, तो भुगतान (आई.एफ.एस.सी, खाता संख्या) या (एम.एम.आई.डी, मोबाइल संख्या) के ज़रिये भेज सकते हैं।

- Do money transfers happen on Bharat Interface for Money only during banking hours?

  All payments are instant and 24/7, regardless of your bank's working hours!

- क्या भीम पर पैसों का लेन-देन केवल बैंक के कार्य-समय के दौरान ही होता है?

  सभी भुगतान तत्काल और पूरे दिन मे कभी भी किया जा सकता है

- I have paid for my transaction but not received anything. Why is that?

  Once you complete a transaction, you should see a success status on the Bharat Interface for Money screen and receive an SMS from your bank. In some cases due to operator issues it can take longer time. In case you have not received your confirmation within an hour please contact customer support at your bank or you can lodge complaint from the BHIM App itself by using "report the issue" option that is available for a failed transaction.

- मैंने लेन-देन के लिए भुगतान किया लेकिन कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। ऐसा क्यों?

  जब आप लेन-देन पूरा कर लेते हैं, तो आपको भीम स्क्रीन पर सफल स्थिति देखना चाहिए और आपके बैंक से एस.एम.एस प्राप्त होना चाहिए। ऑपरेटर त्रुटियों के कारण कुछ स्थिति में इसमें बहुत अधिक समय लग सकता है। यदि आपको एक घंटे के भीतर आपका पुष्टिकरण प्राप्त नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में कृपया अपने बैंक के हमारे ग्राहक सहायक से संपर्क करें।

- How can I view my transaction history?

  Go to Bharat Interface for Money Home Screen ->Transaction History. To view all your past and pending transactions.

- मैं किस प्रकार अपना पिछला लेन-देन देख सकता हूँ?

  अपने सभी पिछले और लंबित लेन-देन को देखने के लिए भीम के होम स्क्रीन ->लेन-देन इतिहास पर जाएँ।

- How do I send money?

  From the Bharat Interface for Money app Home screen -

  1) Click Send Money Option

  2) Enter or select the receiver's mobile number or Payment Address (you can select from

your contact list or enter it) or Aadhaar number

3) Enter the amount you want to send

4) Your default bank a/c gets selected

5) Enter UPI PIN and send

Alternately, you can also scan a QR code and pay via the 'Scan & Pay' option.

- मैं किस प्रकार पैसा भेज सकता हूँ?

भीम ऐप होम स्क्रीन से

1) पैसा भेजें विकल्प पर क्लिक करें

2) प्राप्तकर्ता का मोबाइल नंबर या भुगतान पता (आप अपने संपर्क सूची से चयन कर सकते हैं या इसे दर्ज कर सकते हैं) या आधार नंबर दर्ज करें या चयन करें।

3) राशि दर्ज करें जिसे आप भेजना चाहते हैं

4) आपके डिफ़ॉल्ट बैंक खाते का चयन हो जाता है

5) यू.पी.आई पिन दर्ज करें और भेजें

वैकल्पिक रूप से, आप क्यू.आर कोड भी स्कैन कर सकते हैं और 'स्कैन एंड पे' विकल्प के जरिए भुगतान कर सकते हैं

- How do I request money?

From the Bharat Interface for Money app Home screen -

1) Select Request Money

2) Enter or select the receiver's mobile number or Payment Address (you can select from your contact list or enter it) or Adhaar number

3) Enter the amount you want to request

4) Click Send

This transaction will remain pending until the payment is received. You will be notified when the money is transferred to you. You may also request money by sharing your QR code. Go to Home Screen > Profile > Choose account to get QR code

- मैं पैसे के लिए अनुरोध किस प्रकार कर सकता हूँ?

भीम ऐप होम स्क्रीन से

1) पैसे माँगने के लिए अनुरोध करें

2) प्राप्तकर्ता का मोबाइल नंबर या भुगतान पता (आप अपने संपर्क सूची से चयन कर सकते हैं या इसे दर्ज कर सकते हैं) या आधार नंबर दर्ज करें या चयन करें।

3) राशि दर्ज करें जिसके लिए आप अनुरोध करना चाहते हैं

4) भेजें पर क्लिक करें

यह लेन-देन तब तक लंबित रहेगा जब तक कि भुगतान प्राप्त नहीं हो जाता। पैसे का स्थानांतरण आपको हो जाने के बाद आपको सूचित कर दिया जाएगा।

आप अपने क्यू.आर कोड को साझा करके भी पैसा के लिए अनुरोध कर सकते हैं। क्यू.आर कोड प्राप्त करने के लिए होम स्क्रीन->प्रोफाइल->खाता चुनें पर जाएँ।

- Can I send money to a friend not registered on Bharat Interface for Money?

Yes. Payment can be made via (IFSC, Account number) or (MMID, Mobile number) if the person is not registered on Bharat Interface for Money.

- क्या मैं भीम पर अपने उन दोस्तों को पैसे भेज सकता हूँ जो इस पर पंजीकृत नहीं है?

हाँ। यदि व्यक्ति भीम पर पंजीकृत नहीं है, तो भुगतान (आई.एफ.एस.सी, खाता संख्या) या (एम.एम.आई.डी, मोबाइल संख्या) के ज़रिये भेज सकते हैं।

- What type of transactions can I do using Bharat Interface for Money?

Through Bharat Interface for Money you can make following type of transactions -

1. Request or Send Money via Payment Address
2. Send Money to Aadhaar Number
3. Request or Send Money to Mobile number
4. Send Money through MMID, Mobile No.

5. Send Money through IFSC code, Account No.

6. In addition, you can use the scan and pay option for Merchant payments.

- मैं भीम के प्रयोग से किस प्रकार के लेन-देन कर सकता हूँ?

भीम के ज़रिये आप निम्नलिखित प्रकार के लेन-देन कर सकते हैं:

1. भुगतान पते के माध्यम से पैसे का अनुरोध करें या भेजें

2. आधार नंबर से पैसे भेजें

3. मोबाइल नंबर से पैसे का अनुरोध करें या भेजें

4. एम.एम.आई.डी, मोबाइल नंबर के जरिए पैसे भेजें

5. आई.एफ.एस.सी कोड, खाता संख्या के ज़रिये पैसे भेजें

6. इसके अतिरिक्त, आप व्यापारी भुगतान के लिए स्कैन करके भुगतान करें विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं।

- How do I access a record of all my historical transactions?

Every transaction through your bank account will be recorded by the Bank and you can view all your past transactions in the 'Transaction History' section on the Bharat Interface for Money App.

- मैं अपने सभी ऐतिहासिक लेन-देन के रिकॉर्ड को किस प्रकार एक्सेस करूँ?

आपके बैंक खाते से किए गए प्रत्येक लेन-देन को बैंक द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा और भीम ऐप पर 'लेन-देन इतिहास' सेक्शन में अपने पिछले सभी लेन-देन को देख सकते हैं।

- My send money transaction is failing, help!

To avoid transaction failures -

1) Ensure that the UPI-PIN is entered correctly.

2) If the receiver is not on Bharat Interface for Money choose to pay via IFSC instead of mobile number.

- मेरे द्वारा किया गया लेन-देन असफल हो रहा है, सहायता करें!

लेन-देन की विफलताओं से बचने के लिए,

1) सुनिश्चित करें कि यू.पी.आई-पिन सही से दर्ज हुआ है या नहीं।

2) यदि प्राप्तकर्ता भीम पर नहीं है, तो मोबाइल नंबर के बजाए आई.एफ.एस.सी के जरिए भुगतान करने का विकल्प चुनें।

- The collect request is not reaching the Bharat Interface for Money app. What do I do?

In this case, please first check the data connectivity. If you have entered your Payment Address at the merchant app, please re-check your Payment Address and re-try the transaction. Please check your pending transactions tab to check if the collect request has reached you.

- पैसे माँगने के लिए अनुरोध करें" भीम ऐप तक नहीं पहुँच रहा है। मुझे क्या करना चाहिए?

इस स्थिति में, कृपया पहले डेटा कनेक्टिविटी जाँचें। यदि आपने मर्चेंट ऐप पर अपने भुगतान पते को दर्ज किया है, तो कृपया अपने भुगतान पते की पुनः जाँच करें और लेन-देन का पुनः प्रयास करें। यह जाँच करने के लिए कि क्या आपका "पैसे माँगने के लिए अनुरोध करें"अनुरोध आप तक पहुँचा है या नहीं कृपया अपने  लंबित लेन-देन टैब की जाँच करें।

- How will I know if my UPI transaction is successful?

For any transaction, you will see a status instantly on your screen. If for some reason the transaction is delayed or pending, the result will be posted on your Transaction History page along with a UTR# or bank reference number. In addition, you will receive an SMS from your bank.

- मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा यू.पी.आई लेन-देन सफल हुआ है या नहीं?

किसी भी लेन-देन के लिए, आप अपने स्क्रीन पर तुरंत एक स्थिति देखेंगे। यदि किसी कारण से किसी लेन-देन में विलंब होता है या कोई लेन-देन लंबित हो जाता है, तो यह परिणाम यू.टी.आर# या बैंक संदर्भ

संख्या के साथ आपके लेन-देन इतिहास पर पोस्ट होगा। इसके अतिरिक्त आपको अपने बैंक से एक एस.एम.एस प्राप्त होगा।

## Others

- What if I change my mobile carrier?

  No problem at all. You can continue using Bharat Interface for Money as usual.

- यदि मैं अपना मोबाइल कैरियर बदल दूँ, तो क्या होगा?

  बिल्कुल कोई परेशानी नहीं होगी। आप हमेशा की तरह भीम के प्रयोग को जारी रख सकते हैं।

- What if I change my handset?

  If you change your handset, you will need to

  1) Download the Bharat Interface for Money app again

  2) Login with your mobile number and password

  3) Allow Bharat Interface for Money to verify you, this is for your security. After verification your account will be restored.

- यदि मैं अपना हैंडसेट बदल दूँ, तो क्या होगा?

  यदि आप हैंडसेट बदल देते हैं, तो आपको इन कार्यों को करने की आवश्यकता पड़ेगी

  1) भीम ऐप दोबारा डाउनलोड करें

  2) अपने मोबाइल नंबर और पासवर्ड दर्ज करें

  3) भीम को आपके सत्यापन की अनुमति दें; यह आपकी सुरक्षा के लिए है। सत्यापन के बाद आपका खाता स्टोर हो जाएगा।

- What if I lose my phone?

If you lose your phone, the UPI-PIN required to authorize all transactions will not be known to a third person and hence they will not be able to use Bharat Interface for Money. In addition, please contact our customer support at your bank.

- यदि मेरा फोन खो जाए, तो क्या होगा?

यदि आपका फोन खो जाता है, तो सभी लेन-देन के लिए अधिकृत यू.पी.आई पिन की जानकारी तीसरे व्यक्ति को मालूम नहीं होगा और इस प्रकार वे भीम का उपयोग करने में सक्षम नहीं होंगे। इसके अलावा, कृपया आपके बैंक के हमारे ग्राहक सहायक से संपर्क करें।

- Will you ever auto-deduct payments from my account?

We will not auto deduct payments from your account.

- क्या मेरे खाते से कभी ऑटो-डिडक्ट भुगतान होगा?

हम आपके खाते से ऑटो-डिडक्ट भुगतान नहीं करेंगे।

- How are you getting all my bank a/c information?

This is a feature of the UPI payment platform (built by NPCI- an RBI regulated entity). The UPI platform retrieves the accounts details linked with your mobile number in a masked manner i.e. Bharat Interface for Money can't see all the details. This exchange is done over secure banking networks and we don't store or ever use it.

- आप मेरी सभी बैंक खाता जानकारी किस प्रकार प्राप्त कर रहे हैं?

यह यू.पी.आई भुगतान प्लेटफॉर्म की एक विशेषता है (एन.पी.सी.आई द्वारा निर्मित- एक आर.बी.आई विनियमित निकाय)। यू.पी.आई प्लेटफॉर्म गुप्त रूप से आपके मोबाइल नंबर से लिंक खाता का विवरण प्राप्त करता है अर्थात भीम सभी विवरणों को नहीं देख सकता है। यह आदान-प्रदान सुरक्षित बैंकिंग नेटवर्क पर किया जाता है तथा हम इसे न तो स्टोर करते हैं या न ही इसका कभी प्रयोग करते हैं।

- How soon will a refund from a merchant be available in my account?

  As soon as your merchant has processed the refund from its end, it should be instantly available in your deafult bank account.

- मर्चेंट से किया गया रीफंड मेरे खाते में कितनी जल्दी उपलब्ध हो जाएगा?

  आपका मर्चेंट जैसे ही अपने तरफ से रीफंड को प्रक्रियाबद्ध करेगा, यह आपके डिफॉल्ट बैंक खाते में तुरंत उपलब्ध हो जाएगा।

- My UPI transaction has failed but my bank account has been debited.

  In case of failures money will be refunded back to your account. Sometimes this takes longer than intended. If you do not receive the refund within 1 hour, please contact customer support at your bank.

- मेरा यू.पी.आई लेन-देन विफल हो गया है लेकिन मेरे बैंक खाते से धनराशि डेबिट हो गई है।

  विफलताओं की स्थिति में, धनराशि आपके खाते में वापस रीफंड हो जाएगी। कभी-कभी इसमें आवश्यकता से अधिक समय लगता है। यदि आपको 1 घंटा के भीतर रीफंड प्राप्त नहीं होता है, तो कृपया अपने बैंक के ग्राहक सहायक से संपर्क करें

- How do I set my UPI-PIN with the bank directly?

  You will be able to set your UPI PIN through any other UPI enable Bank app.

- मैं सीधे बैंक के माध्यम से अपने यू.पी.आई पिन को किस प्रकार सेट कर सकता हूँ?

  आप अपने यू.पी.आई पिन को किसी अन्य यू.पी.आई पिन सक्षम बैंक ऐप के जरिए सेट कर सकते हैं।